# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक 24.05.2024** **समय 18.30**

- **लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कल 58 संसदीय सीटों पर मतदान।**
- **राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत पात्र परिवारों की ई–केवाईसी करायी जायेगी।**
- **प्रदेश में गर्मी और लू से आज भी कोई राहत नहीं– लू से 6 लोगों की मृत्यु।**
- **आपदा प्रबन्धन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों में लू से बचाव के लिए आवश्यक इंतजामों की कड़ी निगरानी करने को कहा।**

000

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कल 58 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू–कश्मीर की एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा। छठे चरण में जिन प्रमुख नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी, उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र प्रधान, मेनका गांधी, मनोहर लाल खट्टर, संबित पात्रा और बांसुरी स्वराज, कांग्रेस के दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा, राजबब्बर और कन्हैया कुमार, समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। चुनाव आयोग ने संसदीय क्षेत्रों में सुचारू और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है। मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के पानी, रैंप, शौचालय, व्हीलचेयर से लेकर बिजली तक की बुनियादी सुविधाएं दी गई हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है। मतदान क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना से बचने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना के लिये सभी संबंधित जिलों में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भीलवाड़ा में आज नगर परिषद में उपखण्ड अधिकारी, माईक्रो पर्यवेक्षक, गणना पर्यवेक्षक तथा गणना सहायकों को ट्रेनिंग दी गई।

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद ताहिर ने बताया कि इस दौरान 9 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, 135 माईक्रो पर्यवेक्षक, 135 मतगणना पर्यवेक्षक तथा 135 मतगणना सहायकों को मिलाकर कुल 414 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। श्रीगंगानगर में लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती डॉ. भीमराव अम्बेडकर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में होगी। इस संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों की मतगणना के लिये प्रत्येक में 14–14 टेबल होगी। ईवीएम की मतगणना 12 कमरों में 112 टेबल पर की जायेगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। ईवीएम से वोटों की गिनती सुबह साढे आठ बजे शुरू होगी।

000

राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत पात्र परिवारों की ई–केवाईसी करायी जायेगी। खाद्य विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र विजय ने सभी जिला रसद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी राशन डीलरों के माध्यम से एनएफएसए परिवारों की ई–केवाईसी कराई जाए। इस काम के लिए 30 जून तक का समय निर्धारित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना में यह कवायद की जा रही है। मुख्य सचिव के माध्यम से इस आदेश की पालना रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय में पेश की जायेगी।

000

देशभर में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद जारी है। गेहूं की खरीददारी में सर्वाधिक योगदान देने वाले राज्यों में राजस्थान भी शामिल है। इस वर्ष अब तक केन्द्रीय पूल में 2 करोड 62 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जो पिछले वर्ष की कुल खरीददारी से ज्यादा है। रबी सीजन 2024—25 के दौरान कुल 22 लाख 31 हजार किसान लाभान्वित हुए हैं और उन्हें 59 हजार 715 करोड़ रूपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला है। गेहूं की खरीदारी में मुख्य योगदान पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का रहा है। राजस्थान में समर्थन मूल्य पर 9 लाख 66 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। इस बीच केन्द्रीय पूल में गेहूं और चावल का संयुक्त स्टॉक 600 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है।

000

प्रदेश में खरीफ बुवाई के लिये राजसीड्स किसानों को उन्नत किस्म के बीज अनुदान पर उपलब्ध करायेगा। राजसीड्स की ओर से किसानों को मूंग, मोठ, ज्वार और बाजरा के उन्नत तथा प्रमाणित बीज उचित और अनुदानित दर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। राजसीड्स के प्रमाणित बीज क्रय—विक्रय सहकारी समितियों, ग्राम सेवा सहकारी समितियों, अधिकृत विक्रेताओं और सीड्स कार्यालय में उपलब्ध करवाये गये हैं।

000

प्रदेशभर में भयंकर गर्मी और लू से आम जनजीवन बेहाल है। सूरज की तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों की दिनचर्या बदल कर रख दी है। दिन के समय बाजार और सड़के सूने रहने लगे हैं। लू का असर अब रात में भी रहने के कारण गर्मी से चौबीसों घंटे कोई राहत नहीं मिल रही है। प्रदेश के उत्तर पश्चिमी हिस्सों में हालात और भी बदतर हैं।

इन इलाकों में तापमान 47 डिग्री तक दर्ज हो रहा है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि जिले के सरहदी इलाके में गर्मी और लू के तेवर और तीखे बने हुए हैं।

....................

फलौदी में दिन का तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया है। आसमान से बरसती आग से जिले के लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। चूरू और बूंदी जिले में तेज गर्मी में बार—बार बिजली के गुल होने से लोगों की परेशानी बढ गई है।

चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर ठहरा हुआ है। वहीं दिन के साथ रात का तापमान भी 31 डिग्री तक पहुंच गया है। यही कारण है कि सूर्यास्त होने के बावजूद लू से राहत नहीं मिल पा रही है। तेज गर्मी को देखते हुए आज चित्तौड़ शहर में नगर परिषद ने सड़कों पर पानी छिड़काव करवा कर राहत देने की कोशिश की गई। तेज गर्मी से बीमारियों में भी इज़ाफ़ा हुआ हैं , चित्तौड़गढ़ में नियमित आने वाले 1200 मरीजो के बजाय सांवलिया अस्पताल में ही 2 हजार तक मरीज पहुंच रहे है। जिनमें से ज्यादातर मरीज उल्टी, दस्त, वायरल, डायरिया, डी—हाइड्रेशन के है।

तेज गर्मी और लू के मद्दे नजर बालोतरा जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने रिफाइनरी के साथ—साथ वहां मजदूरों की आवासीय कॉलोनियां का निरीक्षण किया। उन्होंने रिफाइनरी में कार्यरत कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर तेज गर्मी में मजदूरों के लिए समय निर्धारण के साथ उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

श्रीगंगानगर में गर्मी के बढ़ते असर और लू के दौरान आज जिला मुख्यालय पर दमकल की सहायता से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। डूंगरपुर में भी लोगों को राहत देने के लिए डूंगरपुर नगर परिषद की ओर से शहर के सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया।

सवाई माधोपुर में भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत के कारण जिला प्रशासन और जलदाय विभाग ने स्थानीय लोगों से चर्चा कर शहरी और मानटाउन क्षेत्र में पेयजल वितरण व्यवस्था में बदलाव करते हुए 27 मई से एक दिन के अन्तराल से पेयजल वितरण करने का निर्णय लिया है। उधर सिरोही में गर्मी का असर दिखा, लेकिन जिले के हिल स्टेशन माउंट आबू में देशभर के पर्यटक घूमने के लिये पहुंच रहे हैं।

000

प्रदेश में आपदा प्रबन्धन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग ने वर्तमान भीषण गर्मी और लू के दौर में सभी जिलों में लू से बचाव और आवश्यक व्यवस्था के लिये दिशा—निर्देश जारी कर इनकी पालना और कड़ी मॉनिटरिंग करने को कहा है। विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को समय—समय पर हालात की समीक्षा कर विशेष उपाय करने को कहा है। इस बीच विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में लू से अब तक 6 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि हुई है। बालोतरा जिले में सबसे अधिक 3 लोगों की मृत्यु हुई है। भीलवाडा, बीकानेर और जोधपुर जिले में लू से एक—एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना है।

000

भीषण गर्मी में पशुओं को राहत देने के लिये राज्य सरकार ने विभिन्न इंतजाम किये हैं। पशुपालन और गोपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने बताया कि जिलों में स्थित गोशालाओं में पेयजल की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए जिलों को एक—एक लाख रुपये आपातकालीन दवा खरीदने के लिये उपलब्ध कराए गए हैं। लंपी से बचाव के लिए कल शुरू हो रहे टीकाकरण कार्यक्रम में जिलों में चल रही गोशालाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिये गये हैं।

000

जैसलमेर जिले में मनरेगा कार्यों में लगाए गए मजदूरों की आनलाइन फर्जी हाजरी और पुराने फोटो अपलोड करने की शिकायतों पर लोकपाल योगेश गज्जा ने आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार ग्राम पंचायतों में मेट द्वारा फर्जी फोटो अपलोड करना पाया गया। इस पर कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत सगरों की बस्ती, सतो, म्याजलार, बेरसियाल के ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों और तकनीकी सहायकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा गया है।

000

बाड़मेर में आदर्श स्टेडियम में सात दिन का योग शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आज प्रतिभागियों ने श्रमदान भी किया। जयपुर में सही व्यायाम के साथ सही आहार और ध्यान के गुर सिखाने के लिए निजी संस्था की ओर से 28 मई से 2 जून तक शिविर लगाया जायेगा। जयपुर में इस तरह का ये 11वां शिविर होगा।

000